दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली । मंगलवार 29 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 220 पेज-10 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## करंट क्राइम संवाददाता उदयवीर सिंह को पितृ शोक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद के संवाददाता उदयवीर सिंह के पिता श्रीभगवान दास का सोमवार की रात नौ बजकर 35 मिनट पर मेरठ में निधन हो गया। वह बीते कई दिनों से यह अस्वस्थ चल रहे थे। उदयवीर सिंह मेरठ में रहते हैं। उनके पिता की मृत्यु होने पर उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 29 जुलाई को नई बस्ती लल्लापुरा डॉ. अंबेडकर डिग्री कॉलेज के पास श्मशान घाट पर किया जाएगा। खुद की इस घंटी में दैनिक करंट क्राइम परिवार की ओर से दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के लिए ईश्वर से कामना करता है कि उनको इस दुख सहने की ताकत प्रदान करें। इस मौके पर करंट क्राइम परिवार ने मौन रखते हुए शोक प्रकट किया।

## 'ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने हासिल किया लक्ष्य' : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से कहा, 'अगर आपको प्रश्न पूछना है तो यह पूछिए, इस ऑपरेशन में क्या हमारे जांबाज सैनिकों की कोई क्षति हुई है? तो उसका उत्तर है,नहीं, हमारे सैनिकों की कोई क्षति नहीं हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए दृढ़ है। आइए, हम सभी दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर, 'संगच्छध्वं संवदध्वं' के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए, एकजुट होकर खड़े हों।

उन्होंने कहा कि मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि यह समय एकजुट होकर अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का है। हमें यह याद रखना होगा कि हमारी सामाजिक और राजनीतिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मैं इस सदन को और देश की जनता को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार, हमारी सेनाएं और हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं, सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को प्रतिबद्ध हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मोदीजी के नेतृत्व में भारत वह देश नहीं रहा जो पहले था। आज भारत सहता नहीं, जवाब देता है। आज भारत आतंक की जड़ तक जाता है और उसे उखाड़ फेंकने का सामर्थ्य रखता है।

मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि आज का भारत अलग सोचता है और अलग तरीके से काम करता है। हमारा मानना है कि जब आपका प्रतिद्वंद्वी आतंक को रणनीति बना चुका हो और बातचीत की भाषा नहीं समझता हो, तो दृढ़ रहना और निर्णायक होना ही एकमात्र विकल्प होता है।

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के बाद उनके आवास पर सोमवार को भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा विधायक अजीत पाल त्यागी को शोक करने के लिए पहुंचे। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधायक अजीत पाल से बातचीत भी की।

## साउथ सूडान की सांसद प्रतिनिधिमंडल ने यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम का दौरा किया



साउथ सूडान के सांसदों ने यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का भ्रमण किया और विश्वस्तरीय सुविधाएं, अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को करीब से देखा। यशोदा मेडिसिटी की वैश्विक स्वास्थ्य साझेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता और भारत को एक भरोसेमंद चिकित्सा गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी ने साउथ सूडान के सांसदों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल का भ्रमण किया और यशोदा मेडिसिटी की विश्वस्तरीय सुविधाएं, अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को करीब से देखा। सभी सांसदों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

प्रतिनिधिमंडल में एंथनी कुडस जस्टिन, जेन अब्दु टॉम, कुओनी वार जोक, उस्मान लाकू वानी बेरो, नाटेलिना अंजिमा मलेक अबेकर, ओलिवर मोरी बेंजामिन लुबांग और नूना रोडा रुडोल्फ।

यह अंतरराष्ट्रीय दौरा यशोदा मेडिसिटी की वैश्विक स्वास्थ्य साझेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता और भारत को एक भरोसेमंद चिकित्सा गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## हरियाली तीज की खुशियों को महिला शक्ति ने किया करंट क्राइम के साथ साझा



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। सिद्धार्थ विहार के गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में रविवार को महिलाओं ने धूमधाम से तीज महोत्सव बनाया गया। जिसमे गीत संगीत, म्यूजिकल चेयर और फैशन शो का भी आयोजन किया गया।


संबंधित फोटो देखें पृष्ठ 2,6,7,10 पर


## मौलाना साजिद रशीदी को मांगनी चाहिए जल्द ही माफी : अनिल अग्रवाल




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के मस्जिद में साड़ी पहनकर जाने पर मौलाना साजिद रशीदी की टिप्पणी आई। इस टिप्पणी को भाजपा ने महिला विरोध से जोड़ा, महिलाओं के आत्मसम्मान से जोड़ा और मोर्चा खोला। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि चाहे सांसद समाजवादी पार्टी की हों, चाहे वह भाजपा की हों या अन्य किसी दल की हों लेकिन हमारी भारतीय संस्कृति हमें महिलाओं का सम्मान करने की बात सिखाती है। महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

साड़ी एक भारतीय परिधान है और यह युगों-युगों से भारतीय नारी की शालीनता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव देश के सबसे बड़े सदन लोकसभा की सम्मानित सदस्य हैं। वो देश के एक प्रतिष्ठित सम्मानित परिवार की महिला है। माननीय लोकसभा सांसद हैं और किसी भी सभ्य समाज में किसी भी व्यक्ति को किसी भी महिला के बारे में इस तरह की अभद्र टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह बेहद घटिया शब्दों का इस्तेमाल करके मौलाना रशीदी ने अपनी घटिया सोच का परिचय दिया है। मौलाना की यह टिप्पणी उनके निम्न मानसिक स्तर को बता रही है। डॉ. अनिल अग्रवालने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कानून इस मामले में कठोर कार्यवाही करेगा और इस मामले में ऐसी कार्यवाही होनी चाहिए जो पूरे देश के लिये नजीर बने और कोई भी व्यक्ति चाहे वो किसी भी धर्म को हो वो किसी भी महिला को लेकर बोलते समय अपनी वाणी को मर्यादित रखे। अनिल अग्रवाल ने कहा कि हम एक सभ्य समाज में रहते हैं। हम सांस्कृति विविधताओं से परिपूर्ण देश के निवासी हैं। महिलाओं और बच्चों का सम्मान तथा उनकी रक्षा करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना को जल्द ही पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और राजनीति में सार्वजनिक जीवन में इस तरह की अभद्रता को कोई स्थान नहीं होता।

## तो क्या इसी तरह से कैंसिल होती रहेंगी हिंडन से फ्लाइट

### केवल दो जहाजों के पार्किंग की है जगह, बताई जा रही है यही वजह




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिंडन एयर पोर्ट को लेकर जहां लगातार खबरें आती रहती हैं कि यहां से विमान सुविधा शुरू हो रही हैं। तो बीते दो दिनों से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से तीन विमान कैंसिल होने के बाद लोग गुस्से में हैं। सोमवार को हिंडन एयरपोर्ट से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट किन्हीं कारणों से रद्द कर दी गई। यह फ्लाइट हिंडन एयरपोर्ट से 10:30 बजे उड़ान भरने वाली थी लेकिन उड़ान भरने से पहले ही फ्लाइट रद्द कर दी गई। जिसके बाद यात्रियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां अव्यवस्था का आलम बताया और यहां की व्यवस्था सुधारने के लिए एक्स पर भी ट्वीट किए गए हैं। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि रविवार को इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की विमान निरस्त हुए थे। उधर सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि यहां केवल दो ही जहाज की पार्किंग का स्पेस है। अधिक समय तक अगर हवाई जहाज हवा में रहता है, तो विमान को कंट्रोल रूम से अनुमति नहीं मिल पाती है। जिसकी वजह से फ्लाइट रद्द करनी पड़ती है। बताया जा रहा है कि एटीसी यानी एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से अनुमति लेनी पड़ती है और बिना उनकी अनुमति के कोई विमान उड़ान नहीं भर सकता है और ना ही वह लैंड किया जा सकता है।

### फ्लाइट कैंसिल होने के बाद विमान में ही परेशान रहे यात्री

करंट क्राइम : सोमवार को बनारस जाने वाली विमान सेवा कैंसिल होने के बाद उसमें सवार पैसेंजर काफी देर तक बैठ रहे हैं। उनको सांस लेने और गर्मी की शिकायत हुई तो महिला यात्रियों और उनके साथ मौजूद पुरुष स्टाफ ने इसको लेकर वहां मौजूद एयरपोर्ट के अधिकारियों से बातचीत की लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसके बाद लोग गुस्से में आ गए और कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ। हालांकि वहां किसी प्रकार का पुलिस बल या कोई हंगामा पुलिस बल प्रयोग वाला देखने को नहीं मिला है।

### सांसद अतुल गर्ग बोले एविएशन सचिव से करेंगे फोन पर बात



करंट क्राइम : बीते दो दिनों से इस जिस तरीके से रविवार और सोमवार को हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट कैंसिल हुई है, उसको लेकर सांसद अतुल गर्ग का कहना है कि वह इस मामले में जल्द ही एविएशन सचिव से बातचीत करेंगे। कहेंगे कि इस मामले का हल निकाला जाए या फ्लाइट्स की संख्या कम की जाए। बता दें कि बीते कुछ दिनों के दौरान ही गाजियाबाद के हिंडन से इंडिगो एयरलाइंस की बड़ी विमान सेवा शुरू हुई है। जिससे कई शहरों के लिए हवाई सफर आसान हुआ है लेकिन हवाई सफर सेवा शुरू होने के बाद बीते दो दिनों से जिस तरीके से फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं, उससे अलग स्थिति बन रही है।

### कहीं फ्लाइट्स कैंसिल का टैग ना लग जाए गाजियाबाद पर

करंट क्राइम : वर्तमान में हिंडन एयरपोर्ट से उत्तर प्रदेश से लेकर कई अन्य प्रदेशों के लिए प्रमुख विमान सेवाओं की फ्लाइट्स चल रही है। जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा हो रही है लेकिन बीते दो दिनों से जिस प्रकार से फ्लाइट्स कैंसिंल हो रही हैं, उससे अब इस बात का भी डर हो रहा है कि कहीं गाजियाबाद के ऊपर फ्लाइट्स कैंसिल होने का टैग ना लग जाए। बता दें कि बीते दो दिनों में तीन शहरों को जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। जिसको लेकर सांसद अतुल गर्ग ने भी चिंता जाहिर की है।


श्रद्धांजलि सभा



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी **स्व. श्री राजपाल त्यागी जी** (पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 18 जुलाई 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गये थे, उनकी आत्मिक शांति के लिये

**श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी**

दिनांक : 30 जुलाई 2025 (दिनः बुधवार)

ब्रह्मभोज : प्रातः 11:00 बजे से
श्रद्धांजलि सभा : दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
रस्म पगड़ी : 4:00 बजे
स्थान : रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद

**शोकाकुल परिवार**

अजीत पाल त्यागी (पुत्र) विधायक मुरादनगर
गिरीश त्यागी (पुत्र)
यशपाल सिंह त्यागी (भाई) पूर्व ओ.एस.डी. नोएडा प्राधिकरण
राजीव त्यागी (भतीजा) प्रधान महाप्रबंधक यूपीसीडा
अभिषेक त्यागी (भतीजा)
वरूण त्यागी (भतीजा)

(पौत्र)
मोहित त्यागी, रोहित त्यागी, अरनव त्यागी, आदित्य त्यागी, हार्दिक त्यागी, विवान त्यागी

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









# ड्रोन की दहशत : 24 घंटे में पुलिस के पास आईं 29 फोन कॉल

## देहात के अलग-अलग गांव से पुलिस को लोग कर रहे हैं ड्रोन को लेकर फोन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नदी से सटे गांव में ड्रोन दहशत की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं । गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जहां शनिवार की रात से लेकर रविवार की रात के बीच 18 फोन कॉल आईं। तो वहीं रविवार रात से लेकर और सोमवार रात तक गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में यूपी 112 नंबर पर 29 अलग-अलग इलाकों से लोगों से फोन करके आसमान में ड्रोन दिखने की सूचना पुलिस को दी है। कई इलाकों पर यूपी 112 की पीआरवी और बाइक मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। तो मसूरी, लोनी, मुरादनगर, निवाड़ी, भोजपुर, मोदीनगर, लोनी बॉर्डर और टीलामोड क्षेत्र में भी लोगों ने आसमान में चमकते हुए ड्रोन और रहस्यमई रोशनी देखने की शिकायतें पुलिस को दी हैं। अब पुलिस के लिए लगातार ड्रोन की शिकायतें चिंता का विषय बनी हुई हैं। तो जिस तरीके से रविवार को सोशल मीडिया पर एक सरकारी लैटर वायरल हुआ था, उसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि अगर नदी के सर्वेक्षण का काम चल रहा है, तो यह रात में ही क्यों किया जा रहा है। इसे दिन के उजाले में क्यों नहीं संभाला जा रहा है।



### रविवार को 18 इलाकों से आई थी ड्रोन वाली फोन कॉल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन इलाके में सबसे ज्यादा ड्रोन देखे जाने की शिकायतें पुलिस को मिली हैं। यूपी-112 के आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटे यानी शनिवार रात से लेकर रविवार की रात तक कुल 18 स्थानों पर ड्रोन देखे जाने की शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम यूपी-112 के जरिए मिली थीं । तो वहीं सोमवार को यह आंकड़ा बढ़कर 29 तक जा पहुंचा है।

### हैलो सर हमारे गांव में ड्रोन उड़ रहा है प्लीज जल्दी गाड़ी भेज दीजिए

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के यूपी-112 के कंट्रोल रूम में बीते 24 घंटे के दौरान अलग-अलग गांव और इलाकों से 29 फोन कॉल आई हैं। जिसमें ड्रोन आसमान में देखने की पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट में फोन करने वालों ने पुलिस को कहा हैलो सर में लोनी इलाके से बोल रहा हू। हमारे गांव में आसमान में ड्रोन की लाइट दिखाई दे रही है। तो टीलामोड और मुरादनगर के साथ भोजपुर और मोदीनगर, मसूरी थानाक्षेत्र से भी इसी प्रकार के फोन कॉल पुलिस कंट्रोल रूम में पहुंच रहे हैं। लगातार ड्रोन को लेकर आ रही फोन कॉल को लेकर पुलिसकर्मी भी हैरान और परेशान हो रहे हैं । आखिर क्या वजह है कि जो बीते कई दिनों से पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग-अलग गांवों में जो नदी के निकट बसे हैं वहां पर ड्रोन को लेकर सूचना आनी कम क्यों नहीं हो रही हैं।

### ड्रोन डॉन बनाकर लोगों को रहा है डरा

करंट क्राइम : गाजियाबाद में जिस तरीके से बीते दो दिनों के दौरान 47 ड्रोन को लेकर कॉल आई हैं। उसको लेकर कहा जाए तो ड्रोन इन दिनों गाजियाबाद में डॉन बनाकर लोगों को डराने का काम कर रहा है । पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले देहात जोन के अधिकांश स्थानों में रात के समय ड्रोन उड़ने रहस्यमई लाइट दिखाई देने और लोगों के द्वारा हो रहे हल्ले और जग लगाने जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। जिससे ड्रोन लोगों को डॉन बनकर डरता हुआ नजर आ रहा है



### घबराएं नहीं लोग, दहशत नहीं फैलाएं : डीसीपी ग्रामीण

करंट क्राइम : इस मामले में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि लोग घबराए नहीं और किसी प्रकार की दहशत ना फैलाएं। सोशल मीडिया पर ड्रोन को लेकर किसी प्रकार का वीडियो अपलोड ना करें। पुलिस लगातार शरारती तत्वों और ड्रोन की सच्चाई जानने में जुटी हुई है।

# आज है हाईकोर्ट में हाउस टैक्स वाले मामले में सुनवाई की डेट

## मिनट्स को लेकर सोमवार को भी पार्षदों के लिये नहीं खुले निगम के गेट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में वृद्धि का मामला सदन से होकर हाईकोर्ट तक आ गया है। विशेष बोर्ड बैठक में प्रस्ताव निरस्त हो गया। पार्षद बैठक के मिनट्स की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। निगम में आग लग गई और पार्षदों को मिनट्स के लिये अधिकारी तारीख पर तारीख देते रहे और फिर आज वो तारीख आ गई जब अदालत में इस मामले में सुनवाई की तारीख है। सभी को इस तारीख का इंतजार था और कई बार बैठक के मिनट्स को कोर्ट की कार्यवाही से भी जोड़कर देखा गया।

सोमवार को भी पार्षद नगर निगम पहुंचे। उन्होंने 30 जून वाली बोर्ड बैठक के मिनट्स को लेने के प्रयास किये, लेकिन निगम अधिकारियों ने नगर निगम में लाइट ना होने की बात कही और मिनट्स की मांग के बाद आज यानी मंगलवार 29 जुलाई को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी। सभी को इस तारीख का इंतजार था और अदालत क्या फैसला करती है, आज ये देखा जाएगा। वैसे बताया ये जाता है कि आज अदालत में नगर निगम को अपना पक्ष रखना है।

### लंच से पहले आएगा फाइल नंबर-18 का सुनवाई पंच

**(करंट क्राइम)।** आज अदालत में जिस फाइल की सुनवाई होनी है उसका केस नंबर 18 है। बताया जाता है कि अदालत में लंच से पहले ही इस पर सुनवाई का पंच आयेगा। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि आज भी उम्मीद अगली डेट की है। लिहाजा आज सुनवाई से ज्यादा अगली तारीख पर फोकस हो सकता है।

### हमने नहीं की कभी मिनट्स की मांग: हिमांशु मित्तल



**(करंट क्राइम)।** इस पूरे मामले को तीन पूर्व पार्षदों ने प्रमुखता से उठाया। इनमें पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी, पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल हैं। हिमांशु मित्तल इस पूरे मामले को हाईकोर्ट ले गए और उनके साथ पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और अनिल स्वामी भी रहे। इस मामले में 30 जून वाली बैठक के बाद पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि था कि इस बैठक के मिनट्स जरूर प्राप्त कर लिये जाए। राजेंद्र त्यागी हिंडन पार में पार्षदों को यह लड़ाई लड़ने के लिये कोचिंग भी देकर आए थे और उन्होंने ही सबसे पहले अलर्ट किया था कि पार्षद 30 जून वाली बोर्ड बैठक के मिनट्स ले लें। मिनट्स नहीं मिले। करंट क्राइम ने इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षद, पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल से बात की। हिमांशु मित्तल ने कहा कि हमने कभी मिनट्स की मांग ही नहीं की थी। उन्होंने कहा कि हम पूर्व पार्षद हैं और हमारे कहने से कोई मिनट्स देता भी नहीं। यहां पर हिमांशु मित्तल ने यह भी स्पष्ट किया कि हमने कभी पार्षदों के माध्यम से भी मिनट्स नहीं मांगे।

### आज नगर निगम दाखिल करेगा कोर्ट में शॉर्ट एफिडेविट

**(करंट क्राइम)।** आज हाईकोर्ट में फाइल नंबर-18 की सुनवाई है। ये फाइल ये केस संख्या नगर निगम से संबंधित है। बताया जाता है कि आज अदालत में इस मामले में कुछ खास नहीं होना है। कोर्ट में नगर निगम को शॉर्ट एफिडेविट दाखिल करना था। यह एफिडेविट नगर निगम को 29 जुलाई से पहले दाखिल करना था, लेकिन नगर निगम यह एफिडेविट आज दाखिल करेगा। याचिका दाखिल करने वाले पूर्व हिमांशु मित्तल ने कहा कि अगर नगर निगम ने ये एफिडेविट दाखिल किया होता तो मेरे अधिवक्ता को भी मालूम होता, लेकिन अभी तक मेरे अधिवक्ता को इस एफिडेविट की कॉपी नहीं मिली है। लिहाजा ये आज मिलेगी। आज इस बात की उम्मीद है कि अदालत अगली तारीख देगी। क्योंकि आज नगर निगम कोई मिनट्स दाखिल नहीं करेगा। कोर्ट में ये एप्लिकेशन होगी कि बोर्ड बैठक हो चुकी है। प्रस्ताव को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

### देकर आग का हवाला नहीं की मिनट्स बुक पार्षदों के हवाले

**(करंट क्राइम)।** 30 जून को हाउस टैक्स को लेकर विशेष बोर्ड बैठक हुई। बैठक में बढ़ी हुई दर का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ। 30 जून के बाद से ही पार्षद लगातार मिनट्स बुक की मांग कर रहे हैं। एक तारीख अदालत में 29 जुलाई की थी और तीन तारीख अधिकारियों ने मिनट्स बुक के लिये दे दी। कभी किसी के छुट्टी पर जाने का हवाला तो कभी किसी की पत्नी की मां के निधन का हवाला। कभी किसी के साइन का हवाला और सोमवार को ये हुआ कि नगर निगम मुख्यालय में लगी आग का हवाला देकर मिनट्स बुक पार्षदों के हवाले नहीं की।

### करेगा समाधान मेयर का सदन में रिकॉर्डिड बयान

**(करंट क्राइम)।** पार्षदों को मिनट्स बुक नहीं मिली। पूर्व पार्षदों ने कह दिया कि हमें इसकी जरूरत नहीं। एविडेंस की बात हुई तो याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि यदि पार्षदों को मिनट्स की कॉपी मिल जाती तो वो लोगों को कह पाते कि प्रस्ताव निरस्त हुआ है। मिनट्स की कॉपी मिलती तो पूरी मजबूती से बात रखी जाती। लेकिन बात जब सुबूत की आई तो पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि हम पूरी तरह से मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि अगर मिनट्स बुक हमें नहीं भी मिली तो भी हमारे पास सुबूत के तौर बैठक का एजेंडा है। कई अखबारों की कटिंग है और उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सुबूत हमारे पास नगर निगम के सदन में पूरे सदन के सामने मेयर द्वारा दिया गया वह रिकॉर्डिड बयान है जिसमें वह हाउस टैक्स पर बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त करने की घोषणा कर रहे हैं।

### आज चोपला मंदिर में पार्षद करेंगे पूजा अर्चना

**(करंट क्राइम)।** वहीं, नगर आयुक्त की ओर से 25 जुलाई तक बोर्ड बैठक के मिनिट्स नहीं देने से पार्षदों में भारी नाराजगी है। पार्षदों ने आज यानि मंगलवार को चौपला स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर नगर निगम के अधिकारियों को सदबुद्धि देने की प्रार्थना करेंगे। पार्षदों का कहना है कि अब उन्हें नगर निगम के अधिकारियों और महापौर पर भरोसा नहीं रह गया है। वादा करने के बाद भी मिनिटस नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों की ओर से लगातार बहानेबाजी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मिनिटस तैयार हो गए है। और अधिकारियों के हस्ताक्षर भी हो गए है। जल्द ही मिनिटस दे दिया जाएगा।

# फर्जी दूतावास चलाने वाले हर्षवर्धन जैन को 2 अगस्त तक पुलिस ने लिया रिमांड पर, पूछताछ को दिल्ली और गुजरात लेकर जाएगी टीम

## पुलिस कस्टडी रिमांड की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाए और उसकी सीडी न्यायालय में पेश की जाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाने वाले और खुद को कई देशों का राजनयिक सलाहकार और राजदूत बताने वाले हर्षवर्धन जैन को मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट की अदालत ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सीजेएम कोर्ट ने 29 जुलाई 2025 सुबह 10 बजे से 2 अगस्त की शाम चार बजे तक के लिए रिमांड स्वीकृत की है। इस दौरान आदेश दिया गया है कि पुलिस कस्टडी रिमांड की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाए और उसकी सीडी न्यायालय में पेश की जाए। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या प्रताप सिंह की तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया, 'अभियुक्त (आरोपी) हर्षवर्धन जैन (पुत्र जगमिंदर दास जैन) की पुलिस कस्टडी रिमांड 29 जुलाई, 2025 को सुबह 10:00 बजे शुरू होकर से 2 अगस्त, 2025 शाम 4:00 बजे का रहेगी। विवेचक अभियुक्त को जेल से पुलिस अधीक्षक रिमांड पर लेने से पहले और पुलिस कस्टडी रिमांड से जेल में दाखिल किए जाते समय अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण कराएंगे।

करंट क्राइम फॉलोअप



### कविनगर में पकड़ा गया था अवैध दूतावास

**करंट क्राइम :** बता दें कि यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद के कविनगर में अवैध रूप से चल रहे एक दूतावास का भंडाफोड़ करते हुए हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ कविनगर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी आरोपी हर्षवर्धन कोा लेकर रोज नए राज सामने रहे हैं। एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार हर्षवर्धन के पास से बरामद दस्तावेजों की जांच में पता चला है कि हर्षवर्धन जैन ने एहसान अली सैयद के साथ मिलकर विदेशों में दो दर्जन से अधिक कम्पनियों को रजिस्टर्ड कराया था।

### कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाए

**करंट क्राइम :** आदेश में आगे कहा गया है कि अभियुक्त को किसी भी प्रकार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित नहीं करेंगे। अभियुक्त के अधिवक्ता चाहे तो उसके साथ उपस्थित रह सकते हैं, लेकिन यह पुलिस की किसी भी कार्रवाई में कोई बाधा नहीं डालेंगे और अभियुक्त से उचित दूरी बनाए रखेंगे। वहीं पुलिस कस्टडी रिमांड की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाए और उसकी सीडी न्यायालय में पेश की जाए।



### दस्तावेज किए जाने हैं बरामद

**करंट क्राइम :** सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में कहा कि अभियुक्त राष्ट्रों का दूतावास बिना भारत सरकार की अनुमति के अपने घर में चल रहा था। उसने अपने बयान में अन्य कई लोगों के नाम भी बताएं हैं, जो ऐसे राष्ट्रों के नायकों के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे व्यक्तियों के पते की जानकारी अभियुक्त से की जानी है और उनके कार्यालय पर ले जाकर अभियुक्त के माध्यम से दस्तावेज बरामद किए जाने हैं। इसके लिए अभियुक्त को दिल्ली और गुजरात लेकर जाना है।

# कमिश्नरेट पुलिस की उत्तराखंड हरिद्वार में बड़ी कार्रवाई तीन गैंगस्टर की 5 करोड़ 50 लाख की संपत्ति की कुर्क

### आरोपी राजीव, सुनीता चौहान और नाजिया अख्तर पर सिटी जोन पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी जोन पुलिस बीते तीन दिनों के भीतर गैंगस्टर की कमर तोड़ने के लिए ताबड़ तोड़ कार्रवाई कर चुकी है। इसी कड़ी में जहां बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में लेडी गैंगस्टर नाजिया अख्तर की करोड़ों की संपत्ति कुर्क की गई थी। तो वहीं सोमवार को गाजियाबाद पुलिस ने उत्तराखंड के हरिद्वार सीमा नगर में बड़ी कार्रवाई की है। यहां आरोपी राजीव चौहान और उनकी पत्नी सुनीता चौहान की 3 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क किया गया है। तो वहीं नाजिया अख्तर के भाई फैसल अख्तर की 10 लाख रुपए की गाड़ी भी जप्त की गई है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि ऐसे गैंगस्टर के खिलाफ








### राजीव पर 6, सुनीता पर चार और नाजिया पर दर्ज हैं तीन मुकदमे

करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने जानकारी दी है कि गैंगस्टर राजीव चौहान निवासी गौर होम्स सोसायटी गोविंदपुरम पर छह मुकदमे दर्ज हैं। तो वहीं वर्ष 2025 में उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उसकी पत्नी पर भी चार मुकदमे है और वह भी गैंगस्टर की आरोपी है। इसके साथ ही नाजिया पर तीन मुकदमें दर्ज हैं, वह भी गैंगस्टर है।

**ऐसे गैंगस्टर के खिलाफ आगे भी सख्त एक्शन लिया जाएगा - पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड**

### गैंगस्टर पर लगातार होगी कार्रवाई : डीसीपी सिटी



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल का कहना है कि जो भी गैंगस्टर हैं, उनकी अवैध संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में बीते दिनों मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा नाजिया अख्तर पर कड़ा एक्शन लिया गया था। तो अब पुलिस ने इसके सहयोगी राजीव चौहान और उसकी पत्नी सुनीता चौहान पर भी एक्शन लिया है।

# सुनियोजित तरीके से देते हैं किसी के इशारे पर मौलाना रशीदी बयान: फैसल हुसैन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी की सांसद तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के साड़ी पहनने वाले ड्रेसकोड को लेकर मौलाना साजिद रशीदी ने बयान दिया था। समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने मौलाना के बयान को लेकर टिप्पणी की। इससे पहले भाजपा ने पूरे मामले को महिला सम्मान से जोड़ा और विरोध में मोर्चा खोला।

करंट क्राइम ने जब सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से बात की तो उन्होंने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी का पहले से एक इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी किसी के इशारे पर डिबेट में भी पूर्व में कई बार इस तरह के विवादास्पद बयान दे चुके हैं, टिप्पणी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह किसी के द्वारा जानबूझकर दिलाया गया बयान है। फैसल हुसैन कहा कि हमारे मजहब में और भी कई मुफ़्ती और मौलवी हैं लेकिन वो कभी इस तरह की अनरगल टिप्पणी नहीं करते हैं। फैसल हुसैन ने कहा कि देशभर में कई मस्जिद हैं जहां गैर मुस्लिमों के आने पर कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि मौलाना का बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। मौलाना साजिद रशीदी हमेशा सुनियोजित तरीके से बयान देते आए हैं। कोई भी धर्मगुरु चाहे वो किसी भी धर्म को हो हमेशा महिला के सम्मान की बात करेगा और कभी भी घटिया शब्दों को इस्तेमाल नहीं करेगा। डिंपल यादव महिला हैं, देश के सबसे बड़े सदन लोकसभा की माननीय सांसद हैं और उनके लिये इस तरह के शब्द कहना निश्चित रूप से निंदनीय है। यह देश की आधी आबादी का अपमान है। फैसल हुसैन ने कहा कि सपा इस मामले में विरोध करेगी और देश का कोई भी मुसलमान मौलाना के इस बयान के साथ नहीं है। ऐसे घटिया लोगों से हमें सावधान रहना चाहिए। जब दैनिक करंट क्राइम ने ये सवाल किया कि भाजपा के नेता इस पूरे मामले को महिला सम्मान के साथ जोड़कर विरोध कर रहे हैं तो फैसल हुसैन ने कहा कि उन्हें एक बार हमारी पार्टी की माननीय सांसद तथा हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पत्नी डिंपल यादव के बयान को सुनना चाहिए उनके शब्दों पर गौर करना चाहिए। डिंपल यादव ने भाजपा के विरोध को लेकर ये कहा है कि जब मणिपुर में वहां की महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा था तब भाजपा नेता और कार्यकताओं को आवाज उठानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब हाथरस में महिला के साथ अत्याचार हुआ तो भाजपा को पुरजोर ताकत से विरोध करना चाहिए था। महिला सम्मान के लिये भाजपा तब क्यों नहीं आई थी । उन्होंने कहा कि भाजपा के केवल राजनीति से प्रेरित होकर मामले को उठा रही है।





## संपादकीय

# दृष्टिकोण में बदलाव

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया और उस पर हस्ताक्षर किए। इसे हाल के वर्षों में भारत द्वारा किया गया सबसे व्यापक व्यापार करार माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर पिछले कुछ वर्षों से चर्चा चल रही थी। इस बारे में जनवरी 2022 में औपचारिक वार्ता शुरू हुई थी और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उम्मीद जताई थी कि यह समझौता उसी साल दीपावली तक हो जाएगा। मगर तथ्य यह है कि समझौते पर अनौपचारिक चर्चा 2016 में ब्रिटेन में यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के लिए हुए मतदान से पहले से ही चल रही थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उस दौरान जो कुछ भी बातचीत हुई थी, उसकी रूपरेखा बदल गई थी। 6 या 7 साल पहले स्थिति यह थी कि जब तक किसी भी समझौते में वीजा या प्रवासियों का बड़ा मुद्दा शामिल न हो, भारत शुल्क कटौती पर चर्चा से इनकार करना चतुराई समझता था।

ऐसी मांगों के कारण 10 डाउनिंग स्ट्रीट में डेविड कैमरन की उत्तराधिकारी टरीसा मे के साथ बातचीत में बाधा आई थी। मगर इस दरमियान ब्रिटेन का राजनीतिक माहौल प्रवासन के खिलाफ हो चुका है। समझौते में महज 1,800 अतिरिक्त पेशेवर वीजा का वादा किया गया है। इस संयम की बुद्धिमत्ता तब स्पष्ट हो गई जब बचत योजनाओं में दोहरे योगदान संबंधी एक अहानिकर प्रावधान भी ब्रिटेन में बड़ा विवाद का कारण बन गया जबकि इस समझौते में अन्य कमियां भी हैं। उदाहरण के लिए निवेश पर अभी भी चर्चा होनी बाकी है। हालांकि यह कहना उचित होगा कि यह एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के साथ सबसे व्यापक समझौता है। और यह व्यापार को लेकर भारत की मानसिकता में महत्त्वपूर्ण बदलाव को प्रतिबिंबित करता है। सवाल यह है कि मानसिकता में इस बदलाव को अब अन्य व्यापारिक भागीदारों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) पर कितना और किस तरह लागू किया जा सकता है। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है और भारत के प्रधानमंत्री और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि इसे इस साल के अंत तक संपन्न हो जाना चाहिए। भारत ने ब्रिटेन से जो प्रतिबद्धताएं की हैं और रियायतें दी हैं, उनसे देश में बहुत कम या कोई राजनीतिक चिंता नहीं हुई है। इसलिए वार्ताकार यूरोपीय संघ के साथ बातचीत में शुल्क में अधिक कटौती का जोखिम उठा सकते हैं। यूरोपीय संघ के साथ वार्ता में इनमें से कुछ की आवश्यकता पड़ सकती है क्योंकि ईयू को अपने आकार और अफसरशाही ढांचे को देखते हुए अन्य की तुलना में अधिक व्यापक चर्चा और समझौते की आवश्यकता होगी। लेकिन इसके फायदे भी उतने ही व्यापक होंगे। ब्रिटेन के उलट यूरोपीय संघ अभी भी प्रमुख विनिर्माण ताकत है और कई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में है, जिनमें भारतीय उत्पादकों को प्रवेश करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। इस दृष्टिकोण से, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता आने वाले वर्ष में भारत की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाया जाने वाला सबसे बड़ा परिवर्तनकारी कदम हो सकता है।

इसके अलावा भारत को रक्षात्मक कार्रवाई भी करनी होगी ताकि अमेरिका के साथ भारत की बाजार पहुंच और व्यापार अधिशेष की रक्षा हो सके। अमेरिका में आयात पर ऊंचा शुल्क लगाने की राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की दूसरी समय-सीमा नजदीक आ रही है और जापान जैसे कई देशों ने पहले ही उसके साथ समझौतों की घोषणा कर दी है। हालांकि इनमें से कोई भी समझौता उन देशों के पक्ष में ज्यादा अनुकूल नहीं हैं। ब्रिटेन अमेरिका से आयात की तुलना में कम निर्यात करता है, फिर भी उसे 10 फीसदी बुनियादी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में जापान के उत्पाद पर 15 फीसदी कर चुकाना पड़ रहा है और उसे घटिया अमेरिकी चावल के खिलाफ सुरक्षा छोड़नी पड़ी है। इस विशेषाधिकार के बदले में उसने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है। भारत को भी इसी तरह की रियायतें देनी पड़ सकती हैं। सवाल यह है कि भारत और अमेरिका किस स्तर का समझौता करेंगे।

# एफडीआई बढ़ाने का उद्देश्य बीमा क्षेत्र की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करना : वित्त मंत्री

**बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को अगले पांच साल में 7.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करके अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही है।**



**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को अगले पांच साल में 7.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करके अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय बजट 2025-26 में वित्त मंत्री ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि सीमा बढ़ाने से विदेशी निवेशकों को शेष 26 प्रतिशत के लिए भारतीय साझेदार खोजने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे भारत में अपना परिचालन स्थापित करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, तथा देश में बीमा कंपनियों की संख्या में प्रभावी रूप से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थिर एवं सतत विदेशी निवेश आकर्षित होगा, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुगम होगा तथा देश में बीमा की पहुंच में सुधार होगा।

मंत्री ने कहा कि किसी विशेष बीमा कंपनी में एफडीआई घटक बढ़ाने का निर्णय उसके प्रमोटरों द्वारा लिया जाता है, जो कंपनी की पूंजी आवश्यकता, सॉल्वेंसी आवश्यकता, भविष्य की व्यावसायिक योजनाओं आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए बैंकों और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी के साथ जमीनी स्तर पर नियमित अभियान चलाए गए।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जुलाई, 2025 से देश भर में 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 3 महीने का 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान' शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन जनसुरक्षा योजनाओं में पूर्णता प्राप्त करने के लिए बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर और शहरी स्थानीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे निवासियों को योजना में नामांकन के लिए सूचना और सहायता तक सीधी पहुंच उपलब्ध हो रही है। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और भागीदारी में सुधार लाना है, जिससे योजना के तहत नामांकन में अंतराल को पाटने में मदद मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना की शुरूआत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2017 में की गई थी, जिसका उद्देश्य वित्तीय साक्षरता के लिए समुदाय-नेतृत्व वाले नवीन और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाना था।

# अदाणी ग्रीन का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 824 करोड़ रुपये रहा




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 824 करोड़ रुपये दर्ज हुआ। यह पिछले वर्ष 629 करोड़ रुपये था। वहीं इस वर्ष 31 प्रतिशत अधिक राजस्व 3800 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष 2794 करोड़ रुपये दर्ज हुआ था। एबिटा 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,042 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 2379 करोड़ रुपये था। साथ ही मार्जिन 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80 प्रतिशत दर्ज रहा।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की ऊर्जा बिक्री अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) में 42 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 10,479 मिलियन यूनिट हो गई। अपने वित्तीय परिणामों में कंपनी ने बताया है कि परिचालन योग्यअक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 45 प्रतिशत बढ़कर 15.8 गीगावाट हो गई, जो भारत में सबसे अधिक है। कंपनी ने सोमवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि राजस्व वृद्धि 31 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 3,312 करोड़ रुपये हो गई, वहीं ईबीआईटीडीए भी 31 प्रतिशत बढ़कर 3,108 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की कंपनी के अनुसार, तिमाही में नकद लाभ 25 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 1,744 करोड़ रुपये हो गया।

अदाणी ग्रीन एनर्जी के सीईओ आशीष खन्ना ने कहा, ₹वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान, हमने 1.6 गीगावाट ग्रीनफील्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में हमारी कुल वृद्धि 4.9 गीगावाट हो गई- यह भारत के स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण में एक बेजोड़ उपलब्धि है।

उन्होंने कहा, ₹गुजरात के खावड़ा में बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा विकास के साथ-साथ अन्य संसाधन संपन्न स्थलों में हमारे निवेश से बेहतर परिचालन प्रदर्शन और उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ईबीआईटीडीए मार्जिन दोनों के संदर्भ में परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी 2030 तक 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है - जिसमें बैटरी भंडारण के साथ कम से कम 5 गीगावाट हाइड्रो पंप भंडारण शामिल है।

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के संदर्भ में रुके हुए कार्य पूर्ण होने की ओर गति बढ़ाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा और यह परिणाम व्यापार से जुड़ा हो सकता है, नए व्यवसाय में पैसा लगाने से भी दोगुना धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन :** आज आप जितना दूसरों की मदद करेंगे उतना ही आपको खुद भी उतना ही फायदा होगा। नौकरी में तरक्की होगी।

**कर्क :** आप अकादमिक रूप से बहुत सफल होंगे और आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। मन मुताबिक सारे काम पूरे होंगे। सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको कोई उपयोगी वस्तु उपहार में दे सकता है।

**कन्या :** आपको काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। लेकिन लंबा सफर थका देने वाला रहेगा। किसी के प्रति निष्ठा रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**तुला :** आज आप में से कुछ लोगों को अपने बिजनेस पार्टनर या करीबी सहयोगी से परेशानी हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं देंगी।

**वृश्चिक :** आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप गुस्सैल लोगों और बिगड़े रिश्तों को मनाने की कोशिश करेंगे, हो सकता है कि नाराज लोग भी सहमत हों।

**धनु :** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवनसाथी आपको सुख देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। जीवनसाथी आज आपके प्रति संवेदनशील रहेगा।

**मकर :** यात्रा अधिक हो सकती है। आपको अपने वरिष्ठों और अधिकारियों से मदद और पुरस्कार मिल सकता है। कार्यस्थल पर आप प्रशंसा के पात्र होंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपके सभी रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। साथ ही आज परिवार वालों को आपसे काफी उम्मीदें होंगी।

**मीन :** आज स्वास्थ्य के मामले में आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अधिकारियों से संपर्क रहेगा। आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा।

## चुटकुले

एक महिला के पास फोन आया -
आपका बेटा हमारे पास है, 25000 लेकर आओ...!
महिला - मैं पुलिस को फोन करती हूं...!
फोन करने वाला - हम पुलिस ही बोल रहे हैं,
आपके बेटे का अपहरण नहीं, चालान हुआ है...!

---

एक शराबी शराब पीकर एक अर्थी से टकरा गया...!
लाश गिर गई, लोग शराबी को पीटने लगे...!
शराबी - अबे जो गिरा वो तो कुछ बोल नहीं रहा,
तुम काहे नेता बन रहे हो...!

---

पार्क के सूचना पट्ट पर एक सुविचार लिखा था...!
'पेड़ पर अपनी माशूका का नाम लिखने से बेहतर है,
उसके नाम पर एक पेड़ लगाएं'।
ये बात पप्पू के दिल को छू गई...!
उसी दिन उसने गर्लफ्रेंड्स की गिनती की
और आखिर में एक बीघा जमीन लेकर गन्ना बो डाला...!

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

# सेंसेक्स 572 अंक टूटा निफ्टी 24700 के नीचे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 686.65 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,776.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 156.10 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 24,680.90 पर बंद हुआ।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस महिला नेता पूजा चड्ढा की लाडली बिटिया नायरा का आज जन्मदिन है। नन्ही परी नायरा के बर्थडे पर उसकी मम्मी पूजा चड्ढा ने सुंदर कांड पाठ के साथ उसके लिए दुनिया की हर खुशी की कामना की। लिटिल प्रिंसिज नायरा के हैप्पी बर्थडे ने ये स्पेशल विश की कि नायरा का जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे और वो जीवन में हर सफलता, हर खुशी हासिल करें।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।
- हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को फिल्म 'सेवेन ईयर इन तिब्बत' में काम करने की वजह से चीन में जाने की पाबंदी है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- अगर आपको कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर आपको फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा आप असलियत में क्या चाहते हैं।
- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# ढबारसी मे चल रहे कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण





## - कार्य की रफ्तार बढ़ाने के दिये कड़े निर्देश

### आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर तेजी से किया जाये कूड़े का निस्तारण : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट ढबारसी मे शहर की स्वच्छता के क्रम में कचरा निस्तारण की कार्यवाही तेजी से चल रही है जिसमें प्रतिदिन लगभग 900 से 1000 टन कचरे का निस्तारण कराया जा रहा है। यूनिट पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिला तथा मार्ग को बनाने के निर्देश टीम को दिए गए। ढबारसी कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को जाने वाले मार्ग के लिए पैमाइश का कार्य पूर्ण कर लिया गया है लगभग ढाई करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा जिसके लिए कार्यवाही चल रही है जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को भी मिलेगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक द्वारा निरीक्षण के क्रम में ढबारसी मे चल रहे कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का भी औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर कूड़े का प्रोसेस उपकरणों के माध्यम से किया जा रहा था। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मौके पर उपस्थित रहे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रम में चल रही प्रक्रिया को गति देने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग टीम को दिए गए।

उपस्थित श्रीजी कॉल कंपनी के ठेकेदार शुभम गोयल को कड़े निर्देश देते हुए चल रहे कार्यों रफ्तार देने के लिए उपकरण बढ़ाने तथा आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल करने के लिए कहा गया।

गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार कार्य कर रहा है कचरा निस्तारण की क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विशेष जोर दे रहे हैं। ढबारसी मे चल रहे कूड़ा प्रोसेसिंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को यूनिट पर बनाने के लिए भी कहा गया है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का पुनर्गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले किसानों का चेहरा बनेगा संगठन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का पुनर्गठन किया गया है। इसके तहत विभिन्न जिलों के किसानों को संगठन में पद दिए गए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह ने कहा कि 16 जून को मेरठ में आयोजित पंचायत में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नाम से नया संगठन बनाने का फैसला लिया गया था। संगठन का उद्देश्य किसान हित में काम करना होगा। संगठन न तो विपक्ष का चेहरा बनकर काम करेगा और ना ही सरकार के पक्ष में काम करेगा। सभी लोग केवल किसान का चेहरा बनकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि उनका संगठन गन्ना मूल्य, गन्ना भुगतान, घटतौली, एमएसपी गारंटी कानूनन और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की ओर से किसानों के उत्पीडन आदि के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा।

सोमवार को नोएडा प्रेस क्लब में संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संगठन में चौधरी जीवन सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनोद कुमार जटोली को राष्ट्रीय महासचिव, दिनेश शर्मा को प्रवक्ता, प्रकाश प्रधान सिरसा को राष्ट्रीय सचिव, उधम सिंह को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, रामनिवास यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अंकित चौधरी को प्रदेश प्रभारी, कौशल क्रांतिकारी को युवा प्रदेश अध्यक्ष, नवाब अहलावत को मंडल अध्यक्ष, संजीव यादव को मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद, अक्षय त्यागी को जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर, कृष्णपाल सिंह को जिलाध्यक्ष अमरोहा, रमेश चंद शर्मा को जिलाध्यक्ष संभल, सुनील दायमा को जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, सुभाष तेवतिया को प्रदेश सचिव, विभोर शर्मा को एनसीआर अध्यक्ष, रामकुमार शर्मा को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# सूचना निदेशालय ने मांगा 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के मीडिया प्रतिनिधियों का विवरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सूचना निदेशालय द्वारा जिले के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधि, जो किसी अन्य पेंशन योजना से लाभान्वित नहीं हो रहे हैं और समस्त स्रोत से उनकी वार्षिक आय 2.5 लाख (दो लाख पचास हजार रुपया मात्र) से अधिक नहीं है, का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इस क्रम में जिले से समस्त मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है और समस्त स्रोतों से उनकी वार्षिक आय 2.5 लाख तक है एवं अन्य किसी पेंशन योजना से लाभान्वित नहीं हो रहे हैं, का शपथ पत्र (मूल प्रति), आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व प्रेस मान्यता कार्ड की छायाप्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 2 दिनों में उपलब्ध कराने की कृपा करें, जिससे वांछित सूचना से सूचना निदेशालय को प्रेषित किया जा सके।

# पावन चिन्तन धारा आश्रम में मनाया गया हरियाली तीज का त्यौहार







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पावन चिन्तन धारा आश्रम के स्त्री प्रकल्प सनातन वूमेन द्वारा गुरुमाँ डॉ कविता अस्थाना के सानिध्य में हरियाली तीज का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस तीज उत्सव का शुभारंभ शिव पूजन से हुआ जहाँ महिलाओं ने अपने जीवनसाथी के सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। सावन के महीने में जैसे हमारी धरती मां, हरी चुनर ओढ़ प्रसन्नता के साथ, सब ओर हरियाली छटा बिखेर रही होती है, वैसे ही हरियाली तीज के पावन अवसर पर स्त्रियों और बच्चियों ने हरे पारंपरिक वस्त्र धारण कर हर्षोल्लास के सागर में गोते लगाये। आलता के रंग, मेहंदी की सुगंध, झूले की रुनझुन, लोकगीतों की मिठास और नृत्यों के स्पंदन ने आश्रम को आनंद से भर दिया। सावन के गीतों पर मातृशक्ति ने हिंडोला झूला और विभिन्न प्रकार के लोकगीतों पर आनंद से नृत्य किया। सनातन वीमेन द्वारा आयोजित इस उत्सव में स्त्रियों के लिए कई मनोरंजक खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिससे सभी महिलाओं ने प्रसन्नता के साथ भाग लिया। खेल में जीतने वाली सदस्यों को श्रीगुरू माँ द्वारा गिफ्ट्स भी प्रदान किये गए। यह श्रावणी तीज, मात्र परंपरा नहीं अपितु हर्ष, आपसी स्नेह और नारी गरिमा का उल्लासपूर्ण उत्सव है। महिलाओं और बच्चियों ने रंग-बिरंगे भारतीय परिधानों में गीत, खेल और नृत्य से आश्रम के वातावरण को और भी जीवंत किया। फरीदाबाद, गुड़गांव, गाजियाबाद, नोएडा, राजस्थान, दिल्ली व मेरठ से आईं 100 से अधिक मातृशक्तियों ने इस तीज उत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# विधायक संजीव शर्मा ने अकबरपुर बहरामपुर विद्युत वितरण निगम का किया भ्रमण



## अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति को सुचारु करने के निर्देश दिए

### 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाकर क्षेत्र में विद्युत वितरण की व्यवस्था अति शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से की जाए। उसमें कोई व्यवधान नहीं आना चाहिए। विद्युत आपूर्ति को लेकर कोई समस्या है तो उसका तुरंत समाधान किया जाए। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। बिजली व पानी दोनों को ही उन्होंने सबसे ऊपर रखा है। जनता को बिजली व पानी को लेकर कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। अधीक्षण अभियंता ऐ के सिंह, अधिशासी अधिकारी उत्कर्ष आर्या, अधिशासी अभियंता ऐश्वर्य सिंह, उप खंड अधिकारी ए के चौरसिया व अवर अभियंता सौरभ श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने शहर की बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने का अभियान चला रखा है। इसके लिए वे बिजलीघरों का निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने सोमवार को अकबरपुर बहरामपुर विद्युत वितरण निगम का भ्रमण किया और अधिकारियों से मिलकर विद्युत वितरण व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश दिए। शहर विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को बिजली आपूर्ति सम्बंधी प्रत्येक समस्सा का निस्तारण प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। बिजली से संबंधित कोई अन्य समस्या हो तो उसका भी तुरंत समाधान कराया जाए।

# हेपेटाइटिस से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : डॉ. आलोक







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में फिजिशियन व हेपेटाइटिस के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर लिवर संबंधी बीमारी है। इसमें संक्रमण के कारण लिवर में सूजन आ जाती है। इससे लिवर ठीक से कार्य नहीं कर पाता। यह रोग जानलेवा हो सकता है लेकिन समय पर जांच, टीकाकरण और सतर्कता से इससे बचाव संभव है। सोमवार को जिले में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन के निर्देशन में जिला एमएमजी अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को हेपेटाइटिस रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ.आरके गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के संक्रमण और उसके प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। पुराने महिला अस्पताल में आयोजित संगोष्ठी में अस्पताल के सीएमएस डॉ.राकेश कुमार, मनोचिकित्सक डॉ.एके विश्वकर्मा, डॉ.सुनील कात्याल, डॉ.पवन कुमारी, डॉ. सुरुचि सैनी, अपर जिला मलेरिया अधिकारी नरेंद्र कुमार कमल अरोड़ा डाटा मैनेजर, अफ्शा, अंकुर, तुषारीका आदि मौजूद रहे। वहीं, संयुक्त जिला अस्पताल में भी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमएस डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. एसएन सिंह, डॉ.अर्चना, डॉ. रिचा त्रिपाठी, डॉ. सुरभि समेत अन्य चिकित्सकों ने मरीजों और आम जनता को हेपेटाइटिस के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी।

# रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ ने ई-वेस्ट के निस्तारण पर परिचर्चा आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ ने सोमवार को समाज में अनावश्यक रूप से एकत्रित हो रहे ई वेस्ट के निस्तारण हेतु एक परिचर्चा दयाल पब्लिक स्कूल विजय नगर एवं इंदु शिशु विद्या सदन विजय नगर गाजियाबाद में आयोजन किया।

कार्यक्रम में बच्चों को घर एवं घर के बाहर हमारे पुराने मोबाइल या पुराने इलेक्ट्रिक समान या बच्चों के खिलौने या पुरानी बैटरी जो बहुत पुराने हो चुके है। उनका कैसे निस्तारण करना है और जिनको जलाने या फेंकने से सेहत या जीवन शैली पर क्या प्रभाव पड़ता है, बताया। इस अवसर पर नमो फाउंडेशन कि तरफ से विवेक द्वारा सभी बच्चों को ई वेस्ट की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर रोटरी क्लब गाजियाबाद के अध्यक्ष रो पुनीत अग्रवाल, सचिव रो रजत जिंदल , कोषाध्यक्ष रो शिशिर अग्रवाल, रो विवेक अग्रवाल, रो के डी एस जग्गी, रो पीयूष गुप्ता, रो सुमेश गर्ग, रो वैभव गोयल, एनी रीतू अग्रवाल, एनी अंजू तलवार, एनी नमिता जिंदा, एनी रुचि अग्रवाल एवं दयाल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सतविंदर कौर एवं उप प्रधानाचार्य दीपिंदर कौर एवं स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा तथा रोटरी क्लब की तरफ से स्कूल के बच्चो को प्रोत्साहन स्वरुप स्कूल बैग भी वितरित किए गए।

# पंख इवेंट ग्रुप ने मनाया तीज और राखी का त्यौहार









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंख इवेंट ग्रुप द्वारा तीज और राखी एग्जीबिशन 25-26 जुलाई को गौड़ होम्स क्लब गोविंदपुरम में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पहले दिन 25 जुलाई को एग्जिबिशन और 26 जुलाई को एग्जीबिशन और हरियाली तीज सेलिब्रेशन रखा गया, जिसमें कई सारे राउंड हुए कंपटीशन में सिंगिंग डांस राउंड, कैटवॉक, क्वेश्चन आंसर राउंड, ड्रेस एंड और आल ओवर लुक के आधार पर विजेता घोषित किया गया। जिसमें मुख्य जज की भूमिका किरण चौधरी और रेनू तिवारी ने निभाई। तीज क्वीन का खिताब सुचिता त्यागी ने जीता और प्रथम उप विजता मोनिका शर्मा और द्वितीय उप विजेता मीनू चौधरी रही। पूनम पंवार, शैलजा, प्रतिभा सिंह, वनिता, मीरा, पूनम सिसोदिया, इशिता भी अलग-अलग विजेता रही। एग्जिबिशन के साथ साथ खाने के स्टाल और डीजे पर डांस हुआ और कई तरह के गेम से भी खूब मनोरंजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शालू बंसल नीतू कंबोज ने किया।

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो -2025

# जनपद के नवीन निर्यातकों के लिए 25 और नियमित निर्यातकों के लिए 14 का लक्ष्य निर्धारित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया कि संयुक्त निर्यात आयुक्त, निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उ०प्र० लखनऊ के द्वारा उ०प्र० इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 (दिनांक 25-29 सितम्बर 2025) में जनपद गाजियाबाद के निर्यातकों को प्रतिभाग कराये जाने हेतु नवीन निर्यातकों हेतु 25 एवं नियमित निर्यातकों हेतु 14 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवीन निर्यातकों हेतु 09 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का स्टॉल का शुल्क रू0 15000/- निर्धारित किया गया है। स्टॉल बुकिंग हेतु वांछित शुल्क रू0 15000/- उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद के बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा कैण्ट रोड लखनऊ के खाता संख्या 28100100012615 IFSC-BARBOLCANBS में अंतरित किया जा सकता है। नियमित निर्यातकों के लिए निर्मित स्टॉल का शुल्क रू0 7000/- प्रतिवर्ग मीटर व रॉ स्पेस हेतु शुल्क रू0 6500/- प्रतिवर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। नियमित निर्यातकों हेतु उनकी आवश्यकतानुरूप 12, 15, 18, 21, 24 एवं 240 वर्गमीटर स्पेस उपलब्द कराये जाने की व्यवस्था की गई है। नियमित निर्यातक स्टॉल बुकिंग के अग्रिम के रूप में रू0 20000/- इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के फेडरल बैंक, नोएडा के चालू खाता संख्या 13400200032149 IFSC-FDRL0001340 में डिमांड ड्राफ्ट / एनईएफटी के माध्यम से जमा करवाते हुए अपना स्थान सुरक्षित कर सकते है। शेष धनराशि दिनांक 15 अगस्त 2025 तक जमा कराना अनिवार्य है।

आयुक्त एवं निदेशक उद्योग उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ०प्र० कानपुर के पत्रांक 161 दिनांक 23.07.2025 के द्वारा ओ०डी०ओ०पी० के प्रतिभागियों हॉल नं0-09 में जनपद गाजियाबाद हेतु 20 ओ०डी०ओ०पी० इकाईयों को प्रतिभाग कराने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं एम०एस०एम०ई०/महिला/युवा उद्यमियों के प्रतिभाग हेतु जनपद गाजियाबाद हेतु 08 इकाईयों को हॉल नं0 10 में प्रतिभाग कराने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रतिभागियों का आवेदन कार्यालय में जमा कराने से पूर्व यह निश्चित कर लें कि प्रतिभागी द्वारा उपरोक्त बैंक खाते में निर्धारित स्टॉल चार्ज का भुगतान कर दिया गया है। यह आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का है एवं इसके माध्यम से ब्रांड यूपी को प्रदर्शित किया जाना है, अतः सूचना प्रेषित करने के पूर्व प्रतिभागियों के उत्पाद की गुणवत्ता एवं मात्रात्मक उपलब्धता के सम्बंध में स्वंय सतुष्ट हो लें।

# भाजपा विधायक के कारण लोनी का समुचित विकास नहीं हो रहा है : कांग्रेस

## कांग्रेस ने दी लोनी में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा चुनाव से पहले तक पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की कवायद के तहत कांग्रेस की ओर से लोनी विधानसभा में संगठन सृजन अभियान का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष पंडित अजय शर्मा के नेतृत्व में कमेटी को नियुक्ति पत्र देकर संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र कसाना मौजूद थे। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि लोनी में बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए नया संगठन तैयार किया जा रहा है। हरेंद्र कसाना ने बताया कि लोनी में भाजपा के विधायक होने की वजह से लोनी में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। अपने वोट बैंक के हिसाब से एक समुदाय को छोड़कर कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस वजह से आम जनता हमेशा परेशान होती रहती है। जगह-जगह जल भराव एवं सीवरेज ,प्रकाश, गढ्डों की समस्या से लोनी की जनता परेशान हैं। जल्दी ही कांग्रेस पार्टी को लोनी की जन समस्याओं को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाएगी।

इस मौके पर कोऑर्डिनेटर शिवराम वाल्मीकि, फ्रंटल कोऑर्डिनेटर राजकुमार शर्मा, महिला सेवादल की जिला अध्यक्ष संगीता त्यागी, पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस अकबर चौधरी, लोनी ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेजर बाबू, लोनी सेवादल नगर अध्यक्ष सोना खान, गाजियाबाद जिला महासचिव सलीम इदरीश, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी, गाजियाबाद जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, ओमप्रकाश, मुरादनगर ब्लॉक अध्यक्ष नेईम त्यागी, वार्ड 52 सभासद राहुल अली, सद्दाम चौधरी, राबिया अंसारी, वारिस अली, मुन्ना बाबू, आबाद चौहान, मुनीर आलम, मांगेराम, जगदीश कुमार नगर उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा, निखिल चौधरी , राजकुमार नगर, डॉक्टर अख्तर, ओमप्रकाश, विवित यादव, आरिफ अंसारी, चौधरी साजिद, फिरोज इदरीसी, अजय सिंह, गफ्फार मलिक, जावेद अंसारी, महफूज खान, सोनू बंसल, राबिया अंसारी, नवाब अध्यक्ष, अख्तर अली, महेश प्रधान, अनिल शर्मा, विशाल चौधरी, जाकिर इदरीसी, हंसेंद्र गुर्जर, जितेंद्र फौजी, अरविंद गौतम, मोनू त्यागी, राहुल शर्मा, मोनू शर्मा, मनीष त्यागी समेत सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनोकामना अपार्टमेंट के सेंट्रल पार्क में मनाई गई हरियाली तीज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर-4 स्थित मनोकामना अपार्टमेंट के सेंट्रल पार्क में हरियाली तीज का भव्य आयोजन किया गया। हरियाली तीज कार्यक्रम में महिलाओं के लिए झूले व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सावन के गीतों के साथ फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया। आयोजक भाजपा कार्यकर्ता नितिन भारद्वाज ने कहा कि उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चाट व्यंजनों का आनंद लिया। इस मौके पर सविता शर्मा, अंजू तोमर, ज्योति, सरोज सोनी, ज्योति शर्मा, रेखा चौहान, ममता खट्टर, प्रिया मोर्य, प्रतिभा राजपूत, बीना, गीता शर्मा, शोभा, कनक, निशि, मनीषा, रेनू, बसंती के साथ-साथ लगभग 500 महिलाएं उपस्थिति रहीं।

# आरडब्ल्यूए के तीज महोत्सव में पार्षद शिल्पा चौधरी ने दी सुहागिनों को शुभकामनाएं



गाजियाबाद, करंट क्राइम। वसुंधरा सेक्टर-4ए आरडब्ल्यूए की ओर से श्रद्धा, शृंगार, आस्था व अखंड सुहाग का पर्व हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कॉलोनी के चिल्ड्रन पार्क में आयोजित तीज महोत्सव में पार्षद शिल्पा चौधरी ने सभी सुहागिनों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। लगभग 400 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज धज कर तीज महोत्सव का आनंद लिया। महिलाओं ने लोकगीत, नृत्य व विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। इस अवसर पर श्रृंगार से सजी महिलाओं ने सावन के गीतों पर झूलों का आनंद लिया। महिलाओं ने कहा कि कॉलोनी की एसोसिएशन इस पर्व को मातृशक्ति के लिए आयोजित करती है। हर वर्ष इस पर्व का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। कार्यक्रम में मोनिका उज्जवल, छाया शर्मा, शीतल, ममता सिंह, मीना लिंगवाल, अंजली शुक्ला, गीता भट्ट, अर्चना सिंह, रिंकी समेत बडी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# टीएचए में रही हरियाली तीज महोत्सव की धूम



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हल्की-हल्की फुहारों के बीच सावन के गीतों पर सुहागिनों ने हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया। ट्रांस हिन्डन एरिया की लगभग सभी कॉलोनियों की सोसाइटीज में सावन के झूले लगाए गए। आरडब्ल्यूएज की ओर से आयोजित तीज महोत्सव में सुहागिनों ने नए परिधानों में तीज पर्व मनाया। पूरे टीएचए में रविवार को तीज महोत्सव की धूम रही। मेंहदी की दुकानों में सुबह से ही महिलाओं का जमावडा लगा रहा। तीज को लेकर महिलाओं में जबर्दस्त उत्साह रहा। महिलाओं ने कई तरह के पकवान बनाए। महिलाओं ने ग्रुपों में रेस्टॉरेंट में व्यंजनों का आनंद लिया।

**NAME CHANGED**

I, Poonam Sinha, wife of Shri Ashok Kumar Sinha, resident of 3054, Tower 4D,GH-7, Crossings Republik, Ghaziabad, Uttar Pradesh – 201016,have changed my name from Poonam Maurya to Poonam Sinha, and I shall be known and identified by this name Poonam Sinha in all future records and references.

# हरियाली तीज की खुशियों को महिला शक्ति ने किया करंट क्राइम के साथ साझा


युग जैन व आयुषि


निर्मल त्यागी मनिका त्यागी


पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर की पत्नी डॉक्टर लीना चौहान ने धूमधाम से हरियाली तीज का पर्व मनाया।


कुसुमलता पोखरियाल


बी.एल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का स्टाफ प्रिंसिपल लक्ष्मी देवी, मैनेजर जितेंद्र सैन, दीक्षा, काजल, मीना, बीना, दिशा,पूजा, नीतू,सुनीता, शशि,वंदना,शिवानी, काजल सैन,कशिश शर्मा आदि सभी ने मिलकर हरियाली तीज मनाई।


सोनिया चौहान व दिग्गज चौहान







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हरियाली तीज उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम इस इस वर्ष भी नीरू शर्मा पश्चिम उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया भाजपा के द्वारा बहुत धूमधाम गायत्री भवन शालीमार गार्डन में मनाया गया हर बार की भांति इस बार भी बहनों की संख्या भरपूर रही हो कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी अलका शर्मा जी ने सभी बहनों को हरियाली तीज की बधाई दी गीत संगीत नृत्य और गेम्स में बहनों ने खूब इंजॉय किया। तीज का प्राइस निहारिका को मिला।


निशा चौहान मंडल अध्यक्ष शालीमार गार्डन मंडल महिला मोर्चा प्रियंका पांडे, पुष्पा बिंजोला, स्नेहलता श्रीवास्तव, प्रियंका सोलंकी, प्रियंका देव, शीतल तहलान ने मनाया तीज का त्यौहार


साहिबाबाद (करंट क्राइम)। सिद्धार्थ विहार के गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में रविवार को महिलाओं ने धूमधाम से तीज महोत्सव बनाया गया। जिसमे गीत संगीत, म्यूजिकल चेयर और फैशन शो का भी आयोजन किया गया।


रेनू बंसल, कौशांबी वैशाली, वसुंधरा वैश्य समाज


अन्नू सैनी (सरधना)


शालू सैनी (सरधना)




## हरियाली तीज महोत्सव राजनगर में संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर वैश्य परिवार द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव दिनांक 27 जुलाई 2025, दिन रविवार को सेक्टर–8 स्थित क्टअ भवन, राजनगर (गाजियाबाद) में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक संतोष कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें संरक्षक महेश सिंगल, आनंद प्रकाश गोयल, के.पी. गुप्ता, डॉ. आर.के. पोद्दार और मंगतराम जी सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में सहसंयोजक प्रदीप जायसवाल, अध्यक्ष राजीव मोहन गुप्ता, महामंत्री सुनील सिंघल, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जी.के. अग्रवाल, एम.पी. गुप्ता, विनोद गुप्ता, डॉ. संगीता गर्ग एवं डॉ. सारिका बंसल सहित संगठन की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। मुख्य आकर्षण के रूप में डॉ. ममता की स्कूटी शीर्षक से एक हास्य–नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें संस्था के सदस्यों ने अभिनय किया। साथ ही बच्चों–बड़ों के लिए नृत्य, गायन प्रतियोगिताएं एवं महिलाओं के लिए तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन न केवल वैश्य समाज का पर्व है, बल्कि यह सभी वर्गों को जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक उत्सव है, जो भारत की एकता व सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करता है। मीडिया प्रभारी रजनीकांत गुप्ता व सुशील गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं तीज गीतों पर सामूहिक नृत्य के साथ हुआ।



रोटरी क्लब नॉर्थ ने मनाया तीज महोत्सव


साहिबाबाद करंट क्राइम। हरियाली तीज का उत्सव हर्ष हुलास के साथ सुपरटेक रेजिडेंसी सेक्टर 5 वैशाली की बहनों ने मनाया। गेम्स खेले नृत्य किया है नृत्य में हर उम्र की बहनों ने भाग लिया एवं झूले झूले। सभी सुंदर–सुंदर पर्स पाकर गिफ्ट में अति प्रसन्न हुए और तरह–तरह पकवान का भी आनंद लिया।









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज का त्यौहार एच आई जी डुप्लैक्स सेक्टर 9 वसुंधरा सोसाइटी में पूरे हर्षोल्लास, मस्ती, मौज, वरिष्ठ महिलाओं को पर्यावरण हितैषी उपहार देकर, परंपरागत तरीके से मनाया गया। सोसाइटी की सभी महिलाओं ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगारंग कार्यक्रम हुए। सावन में झूले झूलने से लेकर हंसी मजाक, चुहल और विभिन्न व्यंजनों का आनंद सबने भरपूर उठाया। सद्भावना, सौहार्द, एवं विधि पूर्वक संपूर्ण कार्यक्रम आयोजन समिति श्रीमती विरमानी, सीमा, शशि, लिली एवं सोनिया द्वारा संपन्न हुआ।

## वसुंधरा सेक्टर 5 में धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज का पर्व



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। तीज पर्व पर रविवार को धूमधाम से मनाया गया। पारम्परिक गीतों पर नाचते गाते महिलाओं ने झूला झूला। वसुंधरा सेक्टर 5 स्थित मन्नत बैंक्विट हॉल में पर तीज महोत्सव आयोजित किया गया। यहां पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाओं ने गुलगुले व अन्य पकवान वितरित किए। कार्यक्रम आयोजन क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी की पत्नी बबीता चौधरी द्वारा किया गया रविवार को तीज पर्व पर अनेक जगह पेड़ों पर झूले डाले गए। यहां महिलाओं ने तीज के गीत गाए और झूला झूली। पुरुषों ने भी घेवर खिलाकर एक दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दी। युवाओं व बच्चों ने पतंग उड़ाई। इसके चलते आकाश रंग बिरंगी पतंग से भर गया। युवा दिन भर पतंगों के पेच लड़ाते रहे। बबीता चौधरी ने कहा कि तीज मिलन समारोह हर वर्ष की तरह आयोजित किया जिसमें यहां की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। और अपने त्योहार को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया तीज पर्व हमारी समृद्धि, संस्कृति नारी शक्ति, लोक परंपरा का एक जीवंत उल्लास है जो अपनी संस्कृति से सबको जोड़कर रखता है।


गाजियाबाद करंट क्राइम। हरियाली तीज उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम इस इस वर्ष भी नीरू शर्मा पश्चिम उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया भाजपा के द्वारा बहुत धूमधाम गायत्री भवन शालीमार गार्डन में मनाया गया हर बार की भांति इस बार भी बहनों की संख्या भरपूर रही हो कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी अलका शर्मा जी ने सभी बहनों को हरियाली तीज की बधाई दी गीत संगीत नृत्य और गेम्स में बहनों ने खूब इंजॉय किया। तीज का प्राइस निहारिका को मिला।



**गाजियाबाद करंट क्राइम। राजनगर एक्सटेंशन केडीपी एमजीआई के महिलाओं के द्वारा सावन हरियाली तीज उत्सव बहुत धूम धाम के साथ मनाया गया महिलाओं और बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पारंपरिक गीत नृत्य प्रस्तुत की गई। कार्यक्र म की सफल आयोजन की संचालन प्रियंका अत्रे मणि त्यागी किया के द्वारा किया गया। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस से उमा सोनी साहित भारी संख्या में महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।**


पहल फाउंडेशन द्वारा तीज उत्सव, आरती बलियान

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर जारी रहा शोक जताने का सिलसिला






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के बाद शोक व्यक्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों के लोग पहुंच रहे हैं। राजनीति के दिग्गज पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी शोक सांत्वना का सिलसिला जारी रहा। कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के लोहिया नगर स्थित आवास पर शोक जताने के लिए समाज और राजनीति के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुरादनगर में अनधिकृत कालोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में अरूण चौधरी, ग्राम-नवीपुर, सुलतानपुर रोड़, मुरादनगर, के खसरा संख्या-27, पर लगभग 10000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल, रविन्द्र सिरोही पुत्र आर0एस0 सिरोही, ग्राम-नवीपुर मुरादनगर, के खसरा सं0-35, पर लगभग 8500 वर्ग मी0, क्षेत्रफल में एक भवन का निर्माण पूर्ण कर एवं अध्यासित है। रविन्द्र, ग्राम-बसन्तपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई गाजियाबाद के खसरा सं0-20, पर लगभग 20000 वर्ग मी0, क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय/विक्रय न करें।

स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, थाना-मधुबन बापूधाम पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें तो आईएएस और पीसीएस से सम्बन्धों का बखान करने वाले तरूण भैया का दिल दरिया और मन लगता है समंदर? वो सामने वाला कुछ भी कहता है, आसानी से ले लेते हैं अपने अंदर? हमने देखा वो बैठे थे पूरी शिद्दत से धर्मपाल जी के साथ? कर रहे थे आराम से उनसे बात? इसी बीच एक आवाज ने उनका खींचा ध्यान? कहा क्या आप हमारे लिए कुर्सी छोड़ेंगे श्रीमान? सुनकर ये आवाज छोड़ दी कुर्सी एक झटके में? दिखाया उन्होंने ऐसा दरिया दिल वाला एहसास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि निकल तो जाता मशाल वाला जुलूस बहुत ही खूब? लेकिन निकालने वाले ने निकाल दिया इसका जूस? जिस शिद्दत से सौंपा था भगवा वॉरियर ने इन चेहरों को काम? लगता है इन दो चेहरों ने उतनी शिद्दत से नहीं चढ़ाया इसको परवान? इसलिए रह गई जुलूस में कम भीड़? ऐसा लग रहा है पुराने चेहरे धीरे-धीरे तोड़ना चाह रहे हैं रीढ़? हम यूं ही नहीं कह रहे, कोई कट्टर समर्थक प्रकट कर रहा था ये वाली पीर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे एक दिलजले के पास? वो दिल को फूंक-फूंक कर, कर रहा था दिलजली बात? करा रहा था अपनों को वो एहसास? हमें समझ नहीं आता कि जो भी आयेगा उसको क्या ले जायेंगे हर बार घर पर अपने साथ? गाजियाबाद के एरिया में तो और भी नेताओं का है निवास? वहां पर भी तो ले जा सकते हैं वो आने वाले चेहरों को अपने साथ? यूं अकेले अकेले उनको ले जाना हमको तो नहीं होता है बर्दाश्त?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बैठे-बैठे आ गई कारगिल वाले कार्यक्रम की भी याद? सच बतायें इसमें भी नहीं आया हमें उतना स्वाद? कहने वाले ने कहा चलो जो भी हो वॉरियर को हो तो रहा होगा कमजोर और मजबूत कंधों का एहसास? पता तो चल रहा होगा कि अब किसको टीम से दूर रखना और किसको रखना है साथ? अब इससे ज्यादा हमको ना खुलवाओ, क्योंकि ज्यादा बात खुलेगी तो लगेगी किसी के दिल में आग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं भगवा संगठन के संभावित घोषणा वाले हालात? चार महानमंत्रियों में से एक महान वाले पद पर बनेगी त्यागी या ब्राह्मण चेहरे में बात? कहने वाले ने कहा साधने वाले को साधना है यहां पर काफी सारा बैलेंस? दो-दो विधायक ब्राह्मण बिरादरी से आते हैं? ऐसे में यहां पर उन्होंने कुछ भी कदम उठाया तो खत्म कर देंगे करने वाले अपना साईलेंस?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि तीन पार्षदों पर धरना देने के बाद लटक रही है कार्रवाई की तलवार? कहने वाले कह रहे है कि इसकी जानकारी होने के बावजूद पार्षद बिल्कुल भी लोड नहीं कर रहे हैं स्वीकार? वो दे रहे हैं अपने साथियों में संदेश? कह रहे हैं हमने तो ये सबकुछ अपने जनप्रतिनिधियों के कहने पर किया है? भले ही उसमें शामिल ना हों ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का फेस? जब ऊपर से पूछा जायेगा हमसे नोटिस देकर धरने का कारण? तो हम तो अपने सांसद और विधायक का दे देंगे उदाहरण?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसके आगे भी नहीं हो रहे हैं धरना देने वाले पार्षदों के तेवर शांत? उन्होंने की हुई है एक विधायक से बातचीत की रिकार्डिंग अपने मोबाईल में दर्ज? जिसमें विधायक इनको समझा रहे हैं जनता के प्रति फर्ज? कर रहे हैं वो पार्षदों को धरना देने के लिए उत्साहित? विधायक के इसी प्रोत्साहन को बना लिया है इन पार्षदों ने हथियार? सुना है ये रिकार्डिंग नदिया पार के दो मैम्बर के मोबाईल में सेव है? कुछ ऐसी बात आई है बाहर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैडम त्यागी को रहना होगा सावधान? सुना है बाबा ने जब कहे थे एक बहुत ही बड़े नेता के खिलाफ तीखे शब्द? तब उनका मुख था शांत? सुना है उनकी खामोशी को लेने वाले ने ले लिया है दिल पर? जैसे जीएसटी लगती है किसी बिल पर? ये चेहरा उस खामोशी को हर जगह रहा है परोस? लगता है मामला अभी और भी पकड़ेगा आने वाले समय में जोश?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कहीं पर पंजाबी समाज के बीच? वहां पर कौन बनेगा भाजपा का महामंत्री, इस पर चल रही थी स्पीच? कोई पूरे गौरव से मिस्टर चौपड़ा का ले रहा था नाम? कोई मिस्टर दुआ की और की ओर खींच रहा था ध्यान? किसी ने नदिया पार के मीत भैया का सुनाया गीत? जैसे ही ये आवाज आई किसी ने अपनी जज्बे को कर दिया रसीद? कहा जो चेहरा अक्सर दिखाई देता है कमांडर के साथ? आप समझ रहे हो कि वो योद्धा की टीम में स्थान बना पायेगा साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रभु गोपाल जी की पूजा करने वाले अग्रवाल जी को रहना होगा कुछ चेहरों से सावधान? पता चला है ये चेहरे होने ही नहीं देना चाहते हैं उनके और जनप्रतिनिधि के बीच में सुलह वाला समाधान? ये चेहरे समय-समय पर उनके खिलाफ बनाते रहते हैं माहौल? मामले को हरा करके रखते हैं, कुछ ना कुछ रहते हैं बोल?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# जिला कारागार गाजियाबाद में उत्तीर्ण हुए कैदी छात्रों को दिए गए सम्मान पत्र : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले 15 सालों से लगातार जिला कारागार में बंद कैदी हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा देते हैं,उसमें उत्तीर्ण हुए छात्रों को सम्मानित किया जाता है। इस बार भी जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा के सानिध्य में,कैदियों का मनोबल बढ़ाने के लिए,उनको सम्मान पत्र दिए गए,और आने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर,कैदी लड्डू गोपाल की पोशाकें अपने हाथों से बनाते हैं,उसके लिए करीब 1000 पोशाकों का मटेरियल, डिप्टी जेलर शिवानी यादव को उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, जेलर के-के दीक्षित, डिप्टी जेलर अरविंद कुमार, डिप्टी जेलर बी-एन पांडे, डिप्टी जेलर विजयलक्ष्मी गुप्ता, डिप्टी जेलर शिवानी यादव, डिप्टी जेलर श्रुति कुंती दोहरे, जेल के मुख्य चिकित्सक, राजेश त्रिपाठी, समाजसेवी वी के अग्रवाल,वी के हनुमान, समाजसेवी अजय गुप्ता, सतीश कुमार, लव कुमार और अन्य समाजसेवियों ने इस सुंदर कार्यक्रम में भाग लिया। जेल अधीक्षक सीताराम ने सभी समाजसेवियो का दिल की गहराइयों के साथ आभार व्यक्त किया,और जलपान कराया,कि आप समाज में निरंतर ऐसे ही मानवता के कार्यों में अपना सहयोग करते रहिए,सभी लोग जेल अधीक्षक और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद देते हैं।

# गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त भूमि का हो जनहित में इस्तेमाल : नगर आयुक्त



## नगर आयुक्त ने किया टीम के साथ निरीक्षण पैमाइश कर कब्जा लेने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त भूमि को जनहित में इस्तेमाल मे लिया जाये, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीम के साथ मंथन किया गया जिसमें अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर व अन्य टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा ऐसी भूमि जो गाजियाबाद नगर निगम की है तथा कब्जे से मुक्त कराई गई है उसका इस्तेमाल जनहित में किया जाए निर्णय लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश टीम को दिए गए।

### निगम के वाहनों हेतु अकबरपुर बहरामपुर में बनाई जायेगी पार्किंग

करंट क्राइम। नक्शे के आधार पर विजयनगर स्थित अकबरपुर बहरामपुर की भूमि खसरा नंबर 158 का भी जाएजा लिया गया, जहां लगभग चार एकड़ भूमि है, निगम के वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग बनाकर इस्तेमाल में लेने के लिए निर्देश दिए गए।

### मेवला अगरी में निगम भूमि पर बड़ी गौशाला बनाने की योजना

करंट क्राइम। मेवला अगरी मोहन नगर क्षेत्र में निगम की लगभग 32 हेक्टेयर भूमि है जिसमें रेनिवेल के लगभग 10 एकड़ भूमि है जिस पर बड़ी गौशाला बनाने की योजना बनाई गई तथा टीम को निगम की भूमि की बाउंड्री करने की निर्देश दिए गए, मौके पर



अपना नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग द्वारा निरंतर निगम भूमि पर कब्जा लेने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में संपत्ति विभाग टीम के साथ निरीक्षण भी किया गया। विजयनगर अकबरपुर बहरामपुर तथा मोहन नगर क्षेत्र में मेवला अगरी की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा जनहित में निगम की रिक्त भूमि को इस्तेमाल में लिया जाए टीम को निर्देश दिए गए तथा रिपोर्ट भी मांगी गई जिसके आधार पर आवश्यकता को देखते हुए निगम की रिक्त भूमि को जनहित में उपयोग में लिया जाएगा निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम एक बड़ी गौशाला बनाने का भी प्लान कर रहा है जिसके चलते आवश्यकता को देखते हुए भूमि को चिन्हित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रोजवेल पब्लिक स्कूल के बच्चों की सहभागिता के साथ आयोजित हुआ जिसकी शुरूआत विधायक संजीव शर्मा एवं महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान द्वारा की गई। स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक रैली निकाली, जो पूरे क्षेत्र में घूमी और लोगों को हरियाली का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन वार्ड-04, डी ब्लॉक स्थित महाराणा प्रताप पार्क में वृक्षारोपण के साथ हुआ जहां बच्चों व अतिथियों द्वारा पेड़ लगाए गए। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ और सभी उपस्थितजनों ने इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के पदाधिकारीगण अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह, पार्षद गोपाल सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री रोहित शर्मा, अमन सिंह, देवेन्द्र त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।




# अब सभी एसीपी को लगाने होंगे प्रयागराज के चक्कर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। तो हर सर्किल से लेकर साइड लाइन वाला काम संभाल रहे हैं। पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कुछ चिन्हित एसीपी ही प्रयागराज में अलग-अलग मामलों की सुनवाई और कार्यक्रमों में भेजे जाते थे लेकिन अब सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों का बारी-बारी से प्रयागराज इलाहाबाद कोर्ट के अलग-अलग मामलों में नंबर आएगा। इसमें सर्किल वाले साहब लोगों से लेकर साइड में पोस्टिंग पर चल रहे एसीपी साहब लोगों को जाना पड़ेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पहले कुछ एसीपी को ही प्रयागराज जाने का मौका मिलता था। तो अब यह मौका सभी को मिलेगा। इस फैसले की शुरुआत हो चुकी है। जिसके बाद कई एसीपी इस फैसले से बेहद खुश हैं। उनको लग रहा है कि कम से कम एक से दो दिन की इसी बहाने सर्किल से थोड़ी राहत मिल जाएगी। वैसे भी अब पुलिस के अधिकारियों को एविडेंस के लिए अवकाश नहीं मिलता है। तो एविडेंस ऑनलाइन ही होते है, ऐसे में उनको एक आउटिंग का बहाना भी मिल जाता था, पर अब ऐसा नहीं हो रहा है। तो अब सर्किल की भाग दौड़ से कुछ घंटे की राहत भी उनको राहत दिलवा रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में डेढ़ दर्जन से अधिक एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। जिनको अब प्रयागराज जाने का मौका मिलेगा, वैसे कई लोग इस टेंशन में भी है कि अगर उनको यह वाली अनुमति पिछले कमिश्नर के समय में मिल जाती, तो कुछ को प्रयागराज कुंभ स्नान का अवसर भी मिल जाता और वह ड्यूटी भी कर आते और गंगा का पुण्य भी पा लेते। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भले ही यह आदेश देर से आया है लेकिन अब उन एसीपी स्तर के अधिकारियों को राहत नजर आ रही है, जिनके घर प्रयागराज के आसपास हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले के सिस्टम सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों सिटी वाले एक खास सर्किल के एसीपी प्रयागराज गए थे और दो दिनों तक कार्यक्रम रहा। सूत्र बता रहे हैं कि अगर एसीपी आपस में अपना क्रम बदलना चाहते हैं, तो उनको यह सुविधा भी प्रदान की गई है।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



Mayank Goel
2h ·

सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में आज प्रदेश महामंत्री संगठन आदरणीय श्री धर्मपाल जी भाईसाहब ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।
बाबा दूधेश्वर का शुभ आशीर्वाद लिया।

पूज्य महंत नारायण गिरी जी महाराज ने भाईसाहब से धार्मिक चर्चा की और मंदिर विकास कार्य के लिए योगी सरकार की भूरी भूरी प्रशंसा की।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल गाजियाबाद के सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में पधारे। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री ने मंदिर में पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से धार्मिक विषयों पर चर्चा की। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# तेज बारिश से बिहार की राजधानी हुई पानी-पानी, तैर रही गाड़ियां

**पटना।** बीती रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश से राजधानी की सड़कों पर जलजमाव की स्थिति सोमवार को देखने को मिली। आम लोगों के घरों से लेकर माननीयों के आवासों तक, हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बिहार विधानसभा परिसर से लेकर बाजार समिति की गलियों तक हर जगह पानी भरा हुआ है। किदवईपुरी इलाके में तो हालात और भी खराब है। यहां घरों के अंदर तक बारिश का पानी घुस गया। लोग अपने बिस्तरों से नीचे उतरने की स्थिति में भी नहीं हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, स्मार्ट सिटी वाले पटना की सड़कों पर मछलियां तैरती हुई दिखाई दीं।

पिछले दस घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण जल निकासी का काम नगर निगम के कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है। पानी निकालने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। धीरे-धीरे हालात सामान्य करने की कोशिश जारी है।

**जेडीयू एमएलसी के घर के बाहर तैर रहीं मछलियां :** सोमवार की सुबह कुदरत ने पटना वासियों को कर रंग दिखाया। जैसे ही लोगों की नींद खुली तो हर जगह पानी ही पानी नजर आया। पटना के पॉश इलाके में स्थित जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार के घर के पास सड़कों पर पूरा पानी भरा हुआ है। घर के परिसर में भी बरसात का पानी देखा गया। गेट के सामने सड़क पर मछलियां तैरती हुई दिखाई दी। बिहार विधानसभा के परिसर भी जलमग्न हो गया।

## स्मार्ट सिटी! पटना की सड़कों पर तैर रही मछली, चारों तरफ पानी ही पानी




# 'ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने हासिल किया लक्ष्य' : राजनाथ सिंह

**ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर लोकसभा में चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष को जवाब दिया। उन्होंने साफ किया कि भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान देश के सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।**

**नई दिल्ली।** संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से कहा, 'अगर आपको प्रश्न पूछना है तो यह पूछिए, इस ऑपरेशन में क्या हमारे जांबाज सैनिकों की कोई क्षति हुई है? तो उसका उत्तर है,नहीं, हमारे सैनिकों की कोई क्षति नहीं हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए दृढ़ है। आइए, हम सभी दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर, 'संगच्छध्वं संवदध्वं' के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए, एकजुट होकर खड़े हों।

उन्होंने कहा कि मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि यह समय एकजुट होकर अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का है। हमें यह याद रखना होगा कि हमारी सामाजिक और राजनीतिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मैं इस सदन को और देश की जनता को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार, हमारी सेनाएं और हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं, सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को प्रतिबद्ध हैं।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मोदीजी के नेतृत्व में भारत वह देश नहीं रहा जो पहले था। आज भारत सहता नहीं, जवाब देता है। आज भारत आतंक की जड़ तक जाता है और उसे उखाड़ फेंकने का सामर्थ्य रखता है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि आज का भारत अलग सोचता है और अलग तरीके से काम करता है। हमारा मानना है कि जब आपका प्रतिद्वंद्वी आतंक को रणनीति बना चुका हो और बातचीत की भाषा नहीं समझता हो, तो दृढ़ रहना और निर्णायक होना ही एकमात्र विकल्प होता है।

**ब्रिक्स में पहली बार लश्कर और जैश को आतंकी संगठन घोषित किया गया :** जब केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब जाकर कहीं हालात बदलने शुरू हुए। साल 2017 में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में पहली बार आतंकवाद से लश्कर और जैश जैसे आतंकवादी संगठनों को जोड़ा गया।

यह परिस्थिति इसलिए बनी क्योंकि उसके ठीक एक साल पहले उरी की घटना के बाद भारत की सेनाओं ने सीमा पार जाकर सर्जिकल स्ट्राइक कीं। हमने दुनिया को बताया कि आतंकवाद के खिलाफ हम सरहद के इस पार भी मारेंगे और जरूरत पड़ी तो आतंकियों के घर में घुस कर मारेंगे। यह बदलाव प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में आया है।

## जिस देश में लोकतंत्र नहीं, उससे बातचीत नहीं



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सभ्य और लोकतांत्रिक देशों के साथ बातचीत हो सकती है। लेकिन जिस देश में जरा भी लोकतंत्र न हो और जहां सिर्फ.धार्मिक कट्टरता और भारत के खिलाफ नफरत हो, उसके साथ बातचीत नहीं हो सकती। आतंकवाद की भाषा डर, खून और नफरत है, बातचीत नहीं। बातचीत की आवाज गोलियों की बौछार में दबा दी जाती है। जहां खून बहता है, वहां बातचीत नहीं हो सकती। पाकिस्तान अपने ही जाल में फंस गया है। पाकिस्तान की नीयत और नीति पर कोई शक नहीं होना चाहिए। पाकिस्तानी सरकार आतंकवादियों के लिए राजकीय अंतिम संस्कार का आयोजन करती है और सेना के अधिकारी उसमें शामिल होते हैं। भारत को हजार जख्म देने का सपना देखने वालों को अब जाग जाना चाहिए। यह एक नया भारत है जो पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है।

# लोकसभा में सपा सांसद राजभर ने कहा 'देश को ऑपरेशन तंदूर चाहिए था, सिंदूर नहीं'

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश 'ऑपरेशन तंदूर' चाहता था, ताकि इसके जिम्मेदार आतंकवादियों को भून दिया जाए। देश ऑपरेशन सिंदूर नहीं, ऑपरेशन तंदूर चाहता था। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर निचले सदन में बहस के दौरान बोलते हुए उन्होंने सरकार पर निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

**ऑपरेशन में देरी पर सवाल उठाए :** उन्होंने ऑपरेशन में देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो मिशन तीन दिनों में शुरू हो जाना चाहिए था, वह 17 दिनों के बाद पूरा किया गया। उन्होंने कहा, 'देश पहलगाम हमले को लेकर इतना गुस्से में था कि तीसरे दिन तक लोग ऑपरेशन सिंदूर नहीं, बल्कि ऑपरेशन तंदूर चाहते थे, यानी आतंकवादियों को तंदूर में झोंक देना। इसके बजाय ऑपरेशन 17 दिन बाद हुआ।' उन्होंने कहा कि क्या पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले लोग उन 100 आतंकवादियों में शामिल थे, जो ऑपरेशन के दौरान मारे गए? यही असली सवाल है।



**समुदायों की ओर से दिखाई गई एकता की प्रशंसा की :** राजभर ने धार्मिक आधार पर अलग-अलग समुदायों की ओर से दिखाई गई एकता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादी भारत में दंगे भड़काना चाहते थे, लेकिन हिंदुओं और मुसलमानों ने मिलकर दुश्मन की योजना को नाकाम कर दिया।

**'असली विश्वगुरु व्हाइट हाउस में बैठे थे' :** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए राजभर ने कहा कि ट्रंप ने कई बार सार्वजनिक रूप से दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम अमेरिकी हस्तक्षेप के कारण हुआ था। राजभर ने कहा, 'ट्रंप ने कम से कम 26 बार कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में मदद की, यहां तक कि व्यापार को भी इसका श्रेय दिया। ये गंभीर दावे हैं। अगर ट्रंप सच कह रहे थे, तो हम कहां खड़े हैं?' उन्होंने कहा कि असली विश्वगुरु व्हाइट हाउस में बैठे थे।

# 'आतंकी पहलगाम में कैसे आए? रक्षा मंत्री यह नहीं बता पाए', गौरव गोगोई का सरकार से तीखा सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के गौरव गोगोई ने लोकसभा में कहा कि राजनाथ सिंह ने बहुत सारी जानकारी दी, लेकिन रक्षा मंत्री के रूप में यह नहीं बताया कि आतंकवादी पहलगाम में कैसे आए। राष्ट्रहित में ये सवाल पूछना हमारा कर्तव्य है। देश जानना चाहता है कि पहलगाम हमले को 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन यह सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में नहीं ला पाई है।

**'...झूठ बोला जा रहा है' :** कांग्रेस सांसद ने कहा, 'हम आज राजनाथ सिंह जी से जानना चाहते हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए गए। हमें यह सिर्फ जनता को ही नहीं, बल्कि अपने जवानों को भी बताना होगा, क्योंकि उनसे भी झूठ बोला जा रहा है।'




**'अचानक 10 मई को हमें पता चला कि युद्धविराम हो गया है। क्यों?' :** गोगोई ने कहा, 'पूरा देश और विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन कर रहे थे। अचानक 10 मई को हमें पता चला कि युद्धविराम हो गया है। क्यों? हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहते थे कि अगर पाकिस्तान घुटने टेकने को तैयार था, तो आप क्यों रुके और किसके सामने आत्मसमर्पण किया? अमेरिकी राष्ट्रपति ने 26 बार कहा है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को युद्धविराम की घोषणा करने के लिए मजबूर किया।'

**'आतंक पर एक शब्द बोलना चाहिए था' :** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'पहलगाम हमले को 100 दिन हो गए हैं, लेकिन यह सरकार उन पांच आतंकवादियों को पकड़ नहीं पाई है। आज आपके पास ड्रोन, पेगासस, सैटेलाइट, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ हैं। रक्षा मंत्री कुछ दिन पहले वहां गए थे, फिर भी आप उन्हें पकड़ नहीं पा रहे हैं। बैसरन, जहां हमला हुआ था, वहां एम्बुलेंस पहुंचने में लगभग एक घंटा लग गया।

सेना पैदल आई थी। मैं वो दृश्य नहीं भूल सकता, जब एक मां और उसकी बेटी ने एक भारतीय सैनिक को देखा, वे रोने लगीं। उन्हें लगा कि बैसरन में लोगों को मारने वाला सैनिक की वर्दी पहने आतंकवादी उनका इंतजार कर रहा है। उस सैनिक को कहना पड़ा कि वह एक भारतीय है और आप सुरक्षित हैं। वहां के लोगों में इसी तरह का आतंक था। राजनाथ जी, आपको इस आतंक पर एक शब्द बोलना चाहिए था।'

# छत पर पड़ा मिला मेड इन चाइना लिखा ड्रोन, पुलिस ने शुरू की जांच

**बरेली।** बरेली जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया।



उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है।

ड्रोन किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

उधर, मंडोली के पड़ोसी गांव फरीदापुर रामचरन में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। गांव निवासी प्रीति ने बताया कि उसके पति काम पर बाहर गए थे। वह भी घर से बाहर थीं। घर पर उनकी बेटी रूबी बर्तन धो रही थी, तभी तीन चार बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट की। प्रीति ने बताया कि बदमाश घर में रखी नकदी और जेवर लूटकर ले गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। दोनों घटनाओं के संबंध में फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है। फिर तहरीर लेकर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# 'बिहार में एसआईआर पर फिलहाल किसी तरह की रोक नहीं' : सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा- आधार और वोटर आईडी पर विचार करे चुनाव आयोग

**पटना।** बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर चुनाव आयोग से कहा है कि वह बिहार में चल रही वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के दौरान आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को पहचान के वैध दस्तावेज के रूप में मानने पर विचार करे।

अदालत ने यह बात उस मामले की सुनवाई के दौरान कही, जिसमें यह मुद्दा उठा है कि वोटर लिस्ट की जांच प्रक्रिया में किन दस्तावेजों को मान्य माना जाए। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से कहा है कि वे यह तय करें कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने में कितना समय लगेगा। इसके बाद मंगलवार को कोर्ट अगली सुनवाई की तारीख बताएगा।



**बिहार में एसआईआर को लेकर मचा है बवाल :** दरअसल, कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के विपक्षी दलों के नेताओं की ओर से बिहार में चुनाव से पहले एसआईआ कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं।

राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं के अलावा कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, शरद पवार एनसीपी गुट की सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, समाजवादी पार्टी के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव गुट) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से शीर्ष अदालत का रुख किया है। सभी नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर के निर्देश देने वाले चुनाव आयोग के आदेश को चुनौती दी है और इसे रद्द करने की मांग की है।

# 'नंगा' शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं..' मौलाना बोले- मुझे मुस्लिम होने की सजा मिल रही

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने डिंपल यादव को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी और अन्य संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में इस टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जबकि डिंपल यादव ने कहा कि एनडीए को मणिपुर जैसे मुद्दों पर भी इसी तरह सक्रियता दिखानी चाहिए। वहीं, सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अपनी अपमानजनक टिप्पणी पर अक्क्अ अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा, 'संविधान कहता है कि हर धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं और उन मान्यताओं का प्रचार करना मौलिक अधिकारों में से एक है। 'नंगा' शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं है। यह शब्द समाज में इस्तेमाल होता है। शॉर्ट्स पहनने वाली लड़कियों को देखकर हर कोई कहता है कि वे 'नंगी' हैं। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि उनका सिर और शरीर ढका होना चाहिए था। यह तस्वीर मुसलमानों को अपमानित करने और उन्हें यह दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर क्लिक और अपलोड की गई थी।



साजिद रशीदी ने कहा, 'उनका इस्तेमाल संसद तक पहुंचने के लिए किया जाएगा, लेकिन उनका कोई मूल्य नहीं है। यह जानबूझकर किया गया है और पूरा समुदाय नाराज है। मैंने आवाज उठाई और मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मुझे गालियां दी जा रही हैं, मुझे धमकाया जा रहा है, वे मुझे मेरी बेटी के बारे में धमका रहे हैं। अखिलेश यादव यह करवा रहे हैं। मेरे पास इस्लाम की 'ठेकेदारी' है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा जो इतना आपत्तिजनक हो कि मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। सड़क पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म होना कोई बड़ी घटना नहीं है, लेकिन एक महिला को आईना दिखाना उनके लिए यह बहुत बड़ी घटना है। मुझे मुसलमान होने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।'